>

Title: Need to construct Railway Over Bridge in Misrikh Parliamentary Constituency.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश राज्य के मिसरिख संसदीय क्षेत्र के अन्तगत सण्डीला-बिल्हौर-कछोना नगरपालिका/नगर पंचायतें हैं। इन क्षेत्रों से निकलने वाली रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर भारी यातयात होने के कारण कई-कई घण्टों तक ट्रैफिक अवरूद्ध रहता है, जिस कारण लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां के लोगों की पिछले काफी समय से रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग रही है। मैंने नियम 377 के माध्यम से भी बात रखी परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरा अनुरोध है कि सण्डीला-बिल्हौर-कछोना नगरपालिका/नगर पंचायत के अन्तर्गत रेलवे लाईन क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनाया जाए और यदि ऐसा संभव नहीं है तो फिर छोटे एवं मध्यम वाहनों के लिए वहां पर अंडर पास बनाए जाएं, ताकि ट्रैफिक अवरुद्ध होने की समस्या से निजात मिल सके।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से यह भी अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सण्डीला रेलवे स्टेशन पर पद्मावत एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, राजरानी एक्सप्रेस, सहारनपुर एक्सप्रेस तथा बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर टाटा-छपरा एक्सप्रेस, मथुरा-छपरा एक्सप्रेस, उत्सर्ग एक्सप्रेस सहित सभी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों एवं अरवल मकनपुर स्टेशन पर कानपुर-कासगंज एक्सप्रेस और कालिन्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के ठहराव भी प्रदान किए जाएं।

सभापति महोदय : आपने एक ही अवसर में कई गाड़ियों के ठहराव की बात कर दी।